>

Ttile: Regarding the provision of rapid trasnsport connectivity to theproposed Navi Mumabi Airport.

श्री मनोज कोटक (मुम्बई उत्तर-पूर्व): माननीय अध्यक्ष जी, भारत सरकार ने मुम्बई एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ाने के लिए नवी मुम्बई के नजदीक एक अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू किया है । सरकार ने 1100 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण करके नवी मुम्बई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड नाम की कंपनी को एयरपोर्ट के निर्माण का काम शुरू करने के लिए कहा है । वर्ष 2021-22 तक एयरपोर्ट शुरू होने की संभावना है ।

नागरिक उड्डयन मंत्री जी के पास अर्बन डैवलपमेंट मिनिस्ट्री का भी चार्ज है, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मुम्बई शहर से नवी मुम्बई एयरपोर्ट जाने के लिए एक छोर से 40 किलोमीटर और दूसरे छोर से 70-75 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करनी पड़ती है । नए एयरपोर्ट की कनैक्टिविटी बढ़ाने के लिए सड़क मार्ग हो, रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम हो, मेट्रो रेल हो या यातायात के अन्य साधन हों, का काम तत्काल शुरू करना चाहिए, ताकि जब वर्ष 2021-22 में एयरपोर्ट शुरू होगा तो मुम्बई के नागरिकों को यहां जाने के लिए असुविधाओं का सामना न करना पड़े । इस प्लान की चर्चा स्थानीय राज्य सरकार और एयरपोर्ट निगम के साथ शुरू की जाए और इस काम को अंतिम स्वरूप दिया जाए । धन्यवाद ।